## मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी पहुंचे सौसर, हड़ताल के समर्थन में सड़क पर उतरे डॉक्टर

# बीएमओ हटाओ आंदोलन को मिल रहा है जन समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सौसर बीएमओ हटाओ आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा है।इस दौरान हड़ताल को बड़ी संख्या में सौसर क्षेत्र के सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संगठनों के अलावा स्वास्थ्य विभाग के संगठनों के पदाधिकारी ने उपस्थित होकर अपना समर्थन देते हुए सौसर बीएमओ डॉ योगेश शुक्ला को हटाने की मांग को बल दिया है। शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेश गोंडाने ने सौसर अस्पताल परिसर में पहुंचकर आंदोलनकारीयो चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी सामाजिक संगठनों चर्चा की,इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बीएमओ सौसर के द्वारा की जा रही लापरवाही को लेकर आवेदन देते हुए तत्काल कार्रवाई कर हटाने की मांग की गई।

### सौंसर बीएमओ हटाओ तभी होगा आंदोलन समाप्त

जिला चिकित्सा अधिकारी के सामने हड़ताल पर बैठे कर्मचारी नेता नीलकंठ वीरखरे,राजू खंडाइत प्रफुल्ल ठाकरे, सुनील वहाने,ने दो टूक में कहा कि बीएमओ को पहले हटाकर इसकी 10 सूत्रीय मांगों की जांच करनी चाहिए, ताकि कार्रवाई प्रभावित न हो,अन्यथा 20 अप्रैल से आमरण अनशन किया जाएगा। इस दौरान डॉ रूपेश बोकडे,डॉ संदीप नखाते, साजिद खान ,डॉ अतुल पराड़कर,डॉ पूजा कंगाले ,डॉ राहुल गुर्जर, डॉ दीक्षा लंबा,कैलास सोमकुंवर,यूथ ऑफ सौसर,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ सौसर,भारतीय बौध्द महासभा आदि कई सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं के द्वारा आंदोलन को अपना समर्थन दिया है।

### साहब बना रहे है कर्मचारियों पर दबाव

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीएमओ सौसर को हटाने के लिए सभी ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य संगठन एकजुट हो रहे है। साथ ही स्वास्थ विभाग के महिला एवं पुरुष कर्मचारी आंदोलन में शामिल होने जा रहे हैं। परंतु दबी जुबान में ग्रामीण स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि एक सहाब के द्वारा हड़ताल में शामिल नहीं होने को लेकर स्वास्थ्य सेवको पर दबाव बनाते हुए हड़ताल में शामिल नहीं होने की धमकियां दी जा रही है। हालांकि इसको लेकर किसी के द्वारा शिकायत नहीं की गई है।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों नेताओं पर उठ रहे सवाल

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे स्वास्थ्य नेताओं के द्वारा बीएमओ सौसर पर 100 बेड अस्पताल में की जा रही घोर लापरवाही,गर्भवती महिलाओं के नाम पर वसूली, ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों से 10 प्रतिशत कमीशन की मांग, अस्पताल परिसर से 200 चेयर गायब, स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ में अभद्रता करने आदि की शिकायतें पूर्व में स्वास्थ संगठन के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ में सौसर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी की गई थी, बावजूद इसके लंबे समय से कार्रवाई नहीं होना और स्थानीय जनप्रतिनिधियों नेताओं की चुप्पी को लेकर नागरिकों के द्वारा नेताओं की कार्यप्रणाली पर उंगलियां उठाई जा रही है।

### इनका कहना है

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेश गोंडाने होली के बाद से निरंतर सौसर बीएमओ योगेश शुक्ला की शिकायती आ रही है। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग के अनेक संगठनों के द्वारा हड़ताल के साथ ही सौसर बीएमओ पर हटाने की कार्रवाई करने के लिए लिखित रूप से शिकायत की है। कर्मचारियों के द्वारा सोपी शिकायत मागों की साक्ष्य के आधार पर जांच और उसके बाद में जल्द ही उचित कार्रवाई की।

## दीवार लेखन कार्य के माध्यम से ग्रामीणों को दी जल संरक्षण की जानकारी



**जुन्नारदेव।** ग्राम इकलामासानी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का बोर्ड स्थापित कर जल संरक्षण हेतु दीवार लेखन कार्य गया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड जुन्नारदेव के अंतर्गत धाधरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन विकासखण्ड समन्वयक श्री संजय बामने के निर्देशन में स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति अध्यक्ष अर्चना माहौरे परामर्शदाता के नेतृत्व में पूजन अर्चन कर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का बोर्ड स्थापित किया गया एवं जल संरक्षण के संदेश को जन जन तक पहुंचाने हेतु दीवार लेखन कर किया गया एवं जल चौपाल का आयोजन कर समस्त ग्राम वासियों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। विकास खंड जुन्नारदेव के सेक्टर क्र 02 में ग्राम पंचायत बुधवारा के ग्राम धाधरा, ग्राम पंचायत खापा स्वामी ग्राम, ग्राम भुतहा छाबड़ी,ग्राम पंचायत इकलामासामी,ग्राम पंचायत डुंगरिया में समिति का बोर्ड एवं दीवार लेखन कार्य हो चुका इस अवसर पर स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती अर्चना माहौरे ने बताया कि जिस गांव में पानी सुरक्षित है, वही गांव आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेगा। इसलिए हम सभी को मिलकर अपने जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना चाहिए‌‌। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष प्रीति कुमरे ने बताया कि हमारे घरों और हैंडपंपों के पास जो पानी बहकर कीचड़ करता है, वहाँ एक छोटा सोखता गड्ढा बनाएं।इससे गंदगी भी नहीं होगी संस्था समिति सचिव सविता धुर्वे ने बताया कि घर का काम हो या पशुओं को नहलाना, नल को खुला न छोड़ें। सामूहिक नलों (हैंडपंपों) के पास सोखता गड्ढा जरूर बनवाएं ताकि पानी कीचड़ बनने के बजाय जमीन में रिचार्ज हो।

## सेवा सहकारी समिति छिंदीकामथ में गेहूं खरीदी केंद्र का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



सेवा सहकारी समिति छिंदीकामथ में गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं किसान भाइयों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आदरणीय नत्थनशाह कवरेती जी रहे। उनके साथ आदरणीय शिवम् साहू (मंडल अध्यक्ष), सुरेश यदुवंशी, भीम डेहरियां, सिपतराम यदुवंशी (जिला महामंत्री, किसान मोर्चा), रामभाऊ कुडापे (सरपंच, छिंदीकामथ), हिरेसा (उपसरपंच), दीपकराम यदुवंशी (शक्ति केंद्र प्रभारी), दर्शन पटेल (सामाजिक कार्यकर्ता), रानू चौहान (युवा मोर्चा मंडल मंत्री), गोपाल राठौर जी एवं राजकुमार यदुवंशी जी (वरिष्ठ भाजपा नेता), लेखराम यदुवंशी (मंडल महामंत्री, किसान मोर्चा), बालकिशन यदुवंशी (वरिष्ठ किसान), तथा रामप्यारी उईके (भूतपूर्व सरपंच, तेलीबट) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सेवा सहकारी समिति छिंदीकामथ के प्रबंधक श्री गोकुल यदुवंशी, श्री मनोहर यदुवंशी (ब्लॉक अध्यक्ष), राजू यदुवंशी, शाहबीर जी, रामचरण जी, दरब ई जी सहित समस्त स्टाफ का भी कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नत्थनशाह कवरेती जी ने अपने संबोधन में शासन की किसान हितैषी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा किसानों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन बलराम यदुवंशी (मंडल अध्यक्ष, किसान मोर्चा) द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन सिपतराम यदुवंशी जी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के समस्त किसान बंधु एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को सफल एवं यादगार बना दिया।

## सैलानी महाराज का तीन दिवसीय उर्स 21 अप्रैल से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



चांदामेटा वार्ड क्रमांक 6, कब्रिस्तान रोड स्थित हजरत हाजी अब्दुल रहमान सैलानी महाराज के चिल्ला शरीफ में सालाना तीन दिवसीय उर्स का आयोजन 21 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। जिसकी शुरुआत शाम 5:00 बजे परचम कुशाई के साथ की जाएगी। तो वहीं जिसका समापन 23 तारीख को कव्वाली प्रोग्राम के साथ होगा।

उर्स कमेटी सदर तौफीक खान ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन कौमी एकता की मिसाल है, जिसमें हिंदू-मुस्लिम सहित सभी धर्मों के लोग मिलकर भाग लेते हैं।

कार्यक्रम के दूसरे दिन लंगर का आयोजन किया जाएगा, जबकि अंतिम दिन 23 अप्रैल को उत्तराखंड और राजस्थान के मशहूर कव्वाल हजरत की शान में कलाम पेश करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के प्रसिद्ध कव्वाल नुसरत कादरी एवं उत्तराखंड के सब्बू शादाब साबरी अपनी प्रस्तुति देंगे। उर्स के दौरान चांदामेटा परासिया सहित विभिन्न स्थानों से संदल निकाला जाएगा, जो नगर भ्रमण करते हुए दरगाह पहुंचकर चादर पेश करेगा। उर्स कमेटी के संयोजक मोहम्मद शोहेब ने बताया कि इस वर्ष एक विशेष आकर्षण के रूप में लकी ड्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एक व्यक्ति को उमराह यात्रा का अवसर दिया जाएगा। चयनित व्यक्ति को कमेटी द्वारा मक्का-मदीना भेजकर उमराह कराया जाएगा। कमेटी ने सभी मुरीदों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## सेन जयंती मनाई, छात्र छात्राओं का किया गया सम्मान

**उमरेठ।** संतों के भी संत थे सेन महाराज जिनके बताएं हुए मार्ग ओर उनकी दी गई प्रेरणा से आज हम हम समाजिक एकता और अखंडता के साथ सेन जयंती मनाते आ रहें हैं यह उद्गार तहसील उमरेठ में सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार ने कहा।परासिया सेन समाज कल्याण समिति के वरिष्ठ सचिव मनोज बंदेवार ने कहा छात्र छात्राओं का सम्मान करते हुए कहा कि ऐसे हमारे समाज के होनहार छात्र छात्राओं का सम्मान समाज के माध्यम से होता है तो उनमें नई उर्जा का संचार होता है।उमरेठ सेन समाज के अध्यक्ष हरि नारायण बंदेवार ने बताया कि सुबह सेन महाराज जी की हवन पूजन पाठ कर समाज के वरिष्ठों का एवं छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया साथ ही कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में जागरूकता आती है।मंच संचालन नवल किशोर बंदेवार व गप्पू बंदेवार ने किया इस अवसर बड़ी सेन समाज के समाजिक बंधु प्रेमलाल बंदेवार, परासिया सेन समाज अध्यक्ष राजेंद्र बंदेवार, मोर डोगरी अध्यक्ष कुलदीप सराठे,अध्यक्ष दुबे लाल बंदेवार,सुनील बंदेवार,अजय बंदेवार, अनिल बंदेवार, सुभाष बंदेवार आदि मौजूद रहे।



## नवोदय विद्यालय का कक्षा 10 वीं का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा

### जलज ने विद्यालय में प्रथम व जिले में संयुक्त रूप से पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणामों में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी के छात्र जलज रिनायत और बालाघाट इंग्लिश स्कूल के पूर्वांश लिल्हारे ने 500 में से 494 अंक प्राप्त कर बालाघाट जिले में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी को शत प्रतिशत कामयाबी मिली है।

विद्यालय प्रभारी प्राचार्य रणधीर सिंह ने बताया कि विद्यालय का यह 28 वाँ बैच था, जिसमें अध्ययनरत 82 छात्र-छात्राएँ आइडियल पब्लिक स्कूल चंदौरी के परीक्षा केंद्र में सम्मिलित हुए थे। जिसमें 98.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर जलज रिनायत सर्वोच्च शिखर पर तथा शौर्य नेमा 98.40 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे पायदान पर रहे। वहीं 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मुस्कान बैस तृतीय स्थान पाने में कामयाब रहीं। 82 छात्र-छात्राओं में से 15 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक, 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 32 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विशेष योग्यता हासिल की और एक विद्यार्थी को छोडक़र सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का विषय औसत परीक्षाफल 81.09 प्रतिशत अंक रहा।

उन्होंने बताया कि विज्ञान विषय में मुस्कान बैस ने 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त किए हैं, वहीं सामाजिक विज्ञान में 5 विद्यार्थियों.जलज रिनायत, आरोही पारधी, कनक नेवारे, तक्ष कुमार ठाकरे और विधि भरने तथा पीएटी में 16 विद्यार्थियों.जलज रिनायत, शौर्य नेमा, आरोही पारधी, लव्य पटले, सेलिना यादव, सुयश बिसेन, यश्वनी उइके, केयूर नगपुरे, रूपल ठाकरे, ग्रेसी पंद्रे, अभय कुमार डोनाडकर, शुभम लिल्हारे, तक्ष कुमार ठाकरे, श्वेता बनकर, शुभम भिवगड़े, रौनक सिंह उइके ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, नगर, जिले और भोपाल संभाग का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

उन्होंने बताया कि सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार हिन्दी में 98, अंग्रेजी में 98, गणित में 98, विज्ञान में 100, सामाजिक विज्ञान में 100 और पीएटी में 100 अंक उच्चतम अंक रहा। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रणबीर सिंह सहित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पिता का साया उठा, बेटी ने स्कूल में किया टॉप

## नांदी स्कूल में बेटियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



पिता जीवन का सहारा थे। हर सुबह स्कूल जाते समय उनकी आँखों में गर्व और प्यार झलकता था। लेकिन अचानक किस्मत ने करवट ली। पिता का साया सिर से उठ गया। घर में सन्नाटा छा गया, माँ की आँखों में आँसू और बेटी के दिल में खालीपन था किंतु आज फिर से परिवार में खुशियां छाई हुई है। दरअसल, जिस बेटी के सिर से पिता का साया उठ चुका है उस बेटी ने अपने पिता और परिवार के सपने को साकार करते हुए स्कूल में टॉप किया है। यह कोई किस्सा-कहानी नहीं बल्कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं में नांदी हाईस्कूल में टॉप करने वाली स्वाति मेश्राम की हकीकत है। स्वाति के पिता फिरोज मेश्राम की मौत हो गई है और मां सीमा मेश्राम आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता है।

शनिवार को शासकीय हाईस्कूल नांदी में एक समारोह का आयोजन कर स्वाति मेश्राम सहित स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने शाम 05 बजे प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि 97. प्रतिशत अंक के साथ स्वाति मेश्राम ने स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं 92.6 प्रतिशत अंक से निधी पिता नंदकिशोर वाघाड़े ने दूसरा, 92. प्रतिशत अंक से हिमांशी पिता तामेश्वर बुर्डे ने तीसरा, 91.6 प्रतिशत अंक से दिपांजली पिता पवन लाल पटले ने चौथा और 83.8 प्रतिशत अंक के साथ रिया पिता पप्पू गौतम ने पांचवा स्थान पाया है। यह स्कूल के लिए बेहद गौरव की बात है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल 10 बोर्ड की परीक्षा में उनके स्कूल में छात्राओं का छात्रों की अपेक्षा शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## माटे आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा व नारी शक्ति वंदन का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना किरनापुर अन्तर्गत सेक्टर- भालवा आंगनवाडी केन्द्र माटे में आज दिनांक 18/04/26 को पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम पमनाया गया। कार्यक्रम दौरान सेक्टर पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी किरनापुर द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम उपस्थित गर्भवती महिलाएं , धात्री माताएं, किसोरी बालिकाओं को गर्भावस्था के दौरान अपने पोषण एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखना ताकि बच्चे का मानसिक विकास अच्छा हो इस विषय पर विस्तारपूर्वक समझाईस दी गई एवं खाने में क्या-क्या शामिल करना चाहिए आदी। और परियोजना अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि यह पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम दिनांक 9/4/26 से 23/4/26 सभी आंगनवाड़ी केंन्द्रो में मनाया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत माटे की सरपंच श्रीमति सुनिता पांचे पर्यवेक्षक श्रीमति धनवंता वरकड़े पर्यवेक्षक श्रीमती समोता मश्करे, परियोजना अधिकारी श्रीमति कुजूर मेडम श्याम कली पांचे, सीता पांचे, रेखा खरे, प्रमिला पांचे, अर्चना पांचे, कुसुम मानेश्वर मेडम ,विन्देश्वरी पांचे, पुष्पा मानेश्वर, नीलू मानेश्वर, कार्यकर्ता श्रीमती अच्छेलाल खोब्रगड़े आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## आधी रात 'रफ्तार और नशे' का तांडव: दुल्हापुर में तीन गाड़ियों की भीषण भिड़ंत

### शराब के नशे में धुत चालक ने मचाई तबाही, परिवार समेत लौट रहे लोग आए चपेट में- गनीमत रही, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी तहसील के ग्राम दुल्हापुर में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे सड़क पर ऐसा मंजर बना, जिसने हर किसी को दहला दिया। पेट्रोल पंप के पास तीन गाड़ियों की जोरदार टक्कर में वाहनों के परखच्चे उड़ गए और कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसा इतना भयानक था कि देखने वालों की रूह कांप उठी, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी की जान नहीं गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अर्टिगा कार (एमपी 50 जेडसी 3931) का चालक शराब के नशे में बुरी तरह धुत था और तेज रफ्तार में लापरवाही से वाहन चला रहा था। वाहन से अंग्रेजी शराब के पौवे भी बरामद हुए हैं, जिससे साफ है कि कार में सवार लोग नशे में थे। चालक ने पहले स्कॉर्पियो (एमएच 14 एफजी 9841) को जोरदार टक्कर मारने की कोशिश की, जिससे उसका मिरर टूट गया, और फिर आगे चल रही दूसरी गाड़ी से जा भिड़ा।

हादसे का शिकार बनी दूसरी गाड़ी (एमएच 14 एफजी 9779) बेनेगांव से लांजी की ओर लौट रही थी, जिसमें बच्चे समेत पूरा परिवार सवार था। अचानक हुए इस हादसे से वाहन में बैठे लोग घबरा गए और चीख-पुकार मच गई। हालांकि किस्मत ने साथ दिया और सभी लोग सुरक्षित बच निकले। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और गाड़ियों में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुट गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को उसी तीसरी बची गाड़ी से सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया। इस हादसे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि शराब के नशे में वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि जानलेवा भी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्ती बरतने और रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह के खतरनाक हादसों पर लगाम लगाई जा सके।

## खुदाई में निकली प्राचीन नंदी महाराज की प्रतिमा, लांजी में उमड़ी श्रद्धा

### वार्ड 9 लोधी मोहल्ला में निर्माण कार्य के दौरान मिली मूर्ति, पुरातत्व विभाग करेगा संरक्षण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 9 स्थित लोधी मोहल्ला में शनिवार सुबह एक साधारण खुदाई कार्य उस समय विशेष बन गया, जब जमीन के भीतर से भगवान नंदी महाराज की प्राचीन प्रतिमा प्राप्त हुई। सुबह लगभग 7 बजे मकान निर्माण के लिए नींव की खुदाई की जा रही थी, तभी यह प्रतिमा बाहर आई। देखते ही देखते खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। प्रतिमा मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने इसे श्रद्धा के साथ स्थापित कर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार यह घटना न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के प्राचीन इतिहास से भी जुड़ी हो सकती है।

प्रतिमा के दर्शन के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचने लगे। महिलाओं और बुजुर्गों ने विधिवत पूजा-पाठ कर नंदी महाराज से सुख-समृद्धि की कामना की। कई ग्रामीणों ने इसे शुभ संकेत मानते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। दिनभर मौके पर धार्मिक माहौल बना रहा।

घटना की सूचना मिलते ही पुरातत्व विभाग के एमटीएस विजय लहरे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जहां प्रतिमा मिली है, वह क्षेत्र खईया तालाब और ऐतिहासिक लांजी किले के पास स्थित है, जो पहले से ही पुरातत्व विभाग के अधीन है। ऐसे में यह प्रतिमा भी अत्यंत प्राचीन और विभाग की संपत्ति है। ग्रामीणों ने विभाग से निवेदन किया कि उन्हें एक दिन तक पूजा करने की अनुमति दी जाए। इस पर सहमति जताते हुए विजय लहरे ने कहा कि 19 अप्रैल को विभाग की टीम प्रतिमा को अपने संरक्षण में लेकर किले स्थित संग्रहालय में सुरक्षित रखेगी। इसके बाद उच्च अधिकारी तय करेंगे कि प्रतिमा को आगे कहां स्थापित किया जाएगा। यह घटना एक ओर जहां लोगों की आस्था को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत की ओर भी संकेत करती है। फिलहाल पूरे इलाके में इस खोज को लेकर उत्साह और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### पी एम श्री हाई स्कूल झाडग़ांव का 10 वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत

**वारासिवनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं की वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामें में पी एम श्री हाई स्कूल झाडग़ांव का परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय से कक्षा 10 वीं की परीक्षा में कुल 24 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। जिनमें से 22 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में एवं 2 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र डोंगरे ने बताया कि विद्यालय में छात्रा युति लिल्हारे ने 92.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, प्रियांशु पगरवार ने 87.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, मुस्कान मसकरे ने 86.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान, वैशाली लिल्हारे ने 86.4 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ स्थान, सलोनी उके ने 83.2 प्रतिशत अंक लेकर पांचवा स्थान एवं रौनक पटले ने 80.2 प्रतिशत अंक लेकर छटवॉ स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को शाला के प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र डोंगरे द्वारा शाला परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी गई।

## खबर संक्षेप

### छात्रा कुमारी ऑचल मिश्रा ने हासिल किया 94.8 प्रतिशत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कहते है प्रतिभा किसी चीज की मोहताज नही होती जिस तरह कमल कीचड में खिलता है उसी तरह एक छोटे से नगर में रहने वाली एक बालिका जिसने बिना कोंचिग के दिन में स्कूल के बाद जो होमवर्क दिया जाता उस कार्य को रात में बिना शोर गुल के एकांत में पढाई कर केन्द्रीय विद्यालय सिवनी सीबीएसई बोर्ड की कक्षा दसवी की छात्रा कुमारी ऑचल मिश्रा ने 94,8 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने स्कूल और माता सहित अपने जिले का नाम रौशन किया है। परिजनो समेत शिक्षको ने ऑचल मिश्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।


Aanchal Mishra

### युवक ने लगाया फांसी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के पुलिस थाना उगली के अंतर्गत खुरसरा ग्राम के होलू टोला में गत दिवस एक लड़के ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया,पुलिस थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी अनुसार उप निरीक्षक डी आर शरणागत से प्राप्त जानकारी के अनुसार ए एस आई सुमेर चंद ऊइके घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक का पंचनामा बनाया,और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया किन कारणों से युवक ने यह कदम उठाया जांच का विषय है, मृतक का नाम प्रकाश पिता रामकुमार सरयाम उम्र 22 है।

### आम आदमी पार्टी पुनः जनसमस्याओं को लेकर उतरेंगी सिवनी की सडक़ों पर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इस बार अध्यक्ष पद का निर्वहन करेंगे रघुवीर सिंह सनोडिया सिवनी। आम आदमी पार्टी का मध्यप्रदेश में संगठन विस्तार चल रहा है जिसकी मुख्य भूमिका दिल्ली सरकार के पूर्व गृह एवं कानून मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर एवं अखिलेश पति त्रिपाठी मध्यप्रदेश सह प्रभारी के द्वारा सिवनी जिले में कार्यकारणी का गठन किया गया है , आप की सिवनी इकाई की कार्यकारिणी में अब ऊर्जावान वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ताओं को पदों पर नियुक्त किया गया है , ताकि सिवनी जिले में ताकि क्षेत्र में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जा सके । आम आदमी पार्टी प्रदेश स्तर पर सिवनी जिले से पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश विश्वकर्मा को प्रदेश सचिव एवं अखिलेश शर्मा प्रदेश सह सचिव नियुक्त किया गया है । आप के द्वारा पूर्व जिलाउपाध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रघुवीर सिंह सनोडीया जी को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है , याह्या आरिफ कुरैशी को जिला संगठन मंत्री एवं रिजवान खान को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है । जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह सनोडीया जी की अनुशंसा पर नियुक्तियां प्रदान की गई है।

### अधिवक्ताओं ने मनाई अम्बेडकर, फुले जयंती

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला अधिवक्ता संघ सिवनी मे विगत 15 अप्रेल को प्रथम बार महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज जैन ने की मंचसंचालन एड. योगेंद्र गुर्देकर द्वारा किया गया मंचासीन अतिथिगणों मे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश अवधिया अरुण बिसेन सुरेंद्र बारमाट, इसरार अहमद, दादू निखिलेंद्र नाथ ने भी अपने विचार व्यक्त किये।
कार्यक्रम मे प्रथम वक्ता के रूप मे युवा अधिवक्ता नितेश हेड़ाऊ ने महात्मा फुले व अम्बेडकर जी के जीवन परिचय व समाज को दिए गए योगदान पर दर्पणिक प्रकाश डाला वहीं वरिष्ठ अधिवक्तागणों मे डी. आर.बाघमारे, शाहिद रजा, एम.रहमान, रवि गोल्हनी, पंकज शर्मा व शिवम भलावी सहित महिला अधिवक्ता श्रीमती भीमा शिंदे व लायब्रेरीयन कैलाश बघेल ने भी सारगर्भित व्याख्यान दिया इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ कनिष्ठ व महिला अधिवक्तागण बहुसंख्या मे उपस्थिति रहें।







# मुद्दे की बातः क्या इस रास्ते का हो पायेगा सुधार, आखिर जिम्मेदार कौन?

**सिवनी के छिंदवाड़ा चौक से छिंदवाड़ा जाने वाले मार्ग पर गंगानगर स्थित शनि मंदिर के पास रेलवे फाटक की सडक़ पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।**

यहां डामर पूरी तरह उखड़ चुका है और रेल पटरी के किनारों पर गहरे व चौड़े गड्ढे बन गए हैं, जो सीधे-सीधे हादसों को न्योता दे रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरा बाइक चालकों को हो रहा है, क्योंकि रेल की चिकनी पटरी पर पहिए फिसल रहे हैं और लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, यहां ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जब कोई ना कोई छोटा या बड़ा हादसा न हो। गड्ढों के कारण बाइक और छोटे वाहन आगे नहीं बढ़ पाते, जिससे पीछे से आने वाले वाहन टकरा जाते हैं। कई बार तो लोग रेल पटरी पार करते वक्त ही गिर जाते हैं और गंभीर चोटों का शिकार हो रहे हैं।

**सडक़ से ऊपर उठ चुकी है रेल पटरी**

डामर खत्म होने और गड्ढे गहरे होने के कारण कई जगह रेल पटरी सडक़ से ऊपर उठ गई है। इससे वाहन चालकों को संतुलन बनाना मुश्किल हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है। खासकर रात के समय यह जगह और ज्यादा खतरनाक बन जाती है।

**नागरिकों में भारी आक्रोश, प्रशासन पर सवाल**

आसपास के रहवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई सुधार कार्य नहीं हुआ है। रोजाना लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

**जनता की सीधी मांग**

रेलवे प्रशासन और संबंधित विभाग तुरंत रेल पटरी के आसपास बने गड्ढों को भरकर सडक़ को समतल करें और डामरीकरण का काम जल्द से जल्द पूरा करें, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके। अगर जल्द नहीं हुआ सुधार, तो बड़ा हादसा तय!

## अवैध नशे पर वार, सिवनी पुलिस तैयार

# लूघरवाडा शराब दुकान से अवैध शराब तस्करी कर रहे चार आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

### 121 पेटी शराब सहित एक पिकअप वाहन जप्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता नशा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है एएसपी के नेतृत्व में समय-समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा बडी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जाती रही है एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी कर रहे चार लोगो को धर दबोचने में सफलता हासिल की।
विगत रात्रि को दौरान पुलिस पेट्रोलिंग के लूघरवाडा शराब दुकान के सामने चैक किया गया जो एक पिकअप वाहन में शराब भरकर अन्य स्थान पर ले जाने की तैयारी की जा रही है। सफेद रंग की पिकअप वाहन में अवैध शराब के विक्रय हेतु शहर में परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी द्वारा तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर रेड कार्यवाही हेतु लूपरवाडा शराब दुकान के सामने पहुंचकर घेराबंदी कर सफेद रंग की पिकअप वाहन को चैक करने पर पिकअप वाहन में कुल 121 कार्टून में बीयर माउंट 6000 में कुल मात्रा 1452 लीटर कुल कीमती 2,67,289 रुपये शराब मिली वाहन चालक से नाम पता व शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर अपना नाम देवीप्रसाद पिता दयाराम पवार उम्र 45 साल निवासी परासिया थाना बंडोल सिवनी का रहना तथा अवैध शराब के संबंध में दस्तावेज पुछे गये जो पुलिस को गुमराह करने के लिये एक आबकारी वेयर हाउस का एक बिल्टी पेपर दिखाये जिसको बारिकी से चेक करने पर पाया गया की जिस वाहन का पेपर दिखाया गया।
उक्त शराब किसी अन्य वाहन में भरकर अवैध लाभ अर्जित करने हेतु लूघरवाडा शराब दुकान से नगझर शराब दुकान ले जाने की योजना बना रहा था जो उक्त कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय पाए जाने से उक्त पिकअप वाहन सहित अवैध बीयर शराब को जप्त किया गया है। तथा आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया उक्त शराब लूघरवाडा शराब दुकान से वाहन पिकअप वाहन क्र. एमएच 40 सीटी 4630 में भरकर नगझर शराब दुकान लाई जा रही थी।
उल्लेखनीय है कि नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते दिनाक 08/03//2026 को गंज निवासी कमल मानाठाकुर से एक बुलेरो वाहन से 339.28 लीटर शराब जप्त की जाकर आरोपी को जेल भेजा गया था इसी प्रकार दिनांक 30/03/2026 को कोतवाली पुलिस के द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत करते अवैध रुप से गांजा विक्री करते हुए आरोपी शिवम कुचबुंदिया पिता बिंदु कुचबुंदिया निवासी पचमढी रोड पिपरिया होशंगाबाद पर कार्यवाही की गई थी।
अवैध नशे के विरुद्ध सिवनी पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी। गिरफ्तार आरोपी मे आकाश जैसवाल पिता मिश्री लाल जैसवाल उम्र 27 साल निवासी शाखी नगर थाना करैली जिला प्रयागराज (उ.प्र.)। (लूपरवाडा शराब दुकान का गद्दीदार), मनोज पिता कृपालसिंह बघेल उम्र 34 साल निवासी छिन्दवाडा रोड भगवतनगर थाना कोतवाली जिला कोतवाली।
उक्त कार्य में गद्दीदार को सहयोग करने वाला, देवीप्रसाद पिता दयाराम पवार उम्र 45 साल निवासी परासिया थाना बंडोल (पिकअप वाहन का चालक, संदीप चंद्रवंशी पिता रामप्रसाद चंद्रवंशी उम्र 25 साल निवासी ग्राम झीलपिपरिया थाना डूण्डासिवनी। उक्त कार्य मे गद्दीदार को सहयोग करने वाला कुल जप्तीः- 121 पेटी चीयर कुल्ल मात्रा 1452 लीटर कीमती करीब 2,67,289/- रुपये और एक पिकअप वाहन क्र. एमएच 40सीटी 4630। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, सउनि जसवंत ठाकुर, प्र. आर. मुकेश गोडाने, मनोज पाल, मनोज मरावी, आर. सिध्दार्थ दुबे, प्रतीक बघेल, सतीश इनवाती प्रदीप चौधरी, रत्नेश कुशवाहा, सुधीर डेहरिया, अजेन्द्र पाल, राजेन्द्र राजपूत, मुकेश चौरिया की सराहनीय भूमिका रही।






## कन्हीवाड़ा में गैस के लिए हाहाकार

जिले के कन्हीवाड़ा क्षेत्र में स्थित गैस एजेंसी के सामने उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतार में खड़े नजर आए। सुबह से ही लोग अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन देर शाम तक भी कई लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल सका।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि एजेंसी में गैस उपलब्ध होने के बावजूद जानबूझकर सिलेंडर वितरण में देरी की जा रही है। लोगों का कहना है कि बार-बार आग्रह करने के बाद भी कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है।
महिलाओं, बुजुर्गों और छोटे बच्चों के साथ पहुंचे लोगों को घंटों धूप में खड़े रहना पड़ा। कई लोगों ने बताया कि वे सुबह से लाइन में लगे हैं, लेकिन अब तक उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाया है। इससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और मनमाने तरीके से वितरण किया जा रहा है। यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।
वहीं इस पूरे मामले में गैस एजेंसी प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।
नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## सिवनी में धूमधाम से मनाई गई सेन जयंती, निकली भव्य वाहन रैली



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

नगर में सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसमें समाज के युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंची, नेहरू रोड में श्रीवास परिवार द्वारा रैली पर पुष्प वर्षा की गई एवं दुर्गा चौक में सेन परिवार द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई जहां पूरे कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन कृष्णम गार्डन में संपन्न हुआ। यहां समाज के वरिष्ठजनों एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती डॉली डागौर जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष घनश्याम सराठे मुकेश सेन अध्यक्ष किशोर कल्याण विभाग सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सेन महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने समाज में शिक्षा, एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम संयोजक एवं नगर अध्यक्ष हेमेंद्र नाथ श्रीवास(बॉबी )ने अपने संबोधन में समाज के लोगों से शिक्षित और संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है और युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहिए। पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बना दिया।

## पिपारिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी के मुख्य आतिथ्य में कतिया समाज का विशाल युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं एक जोडा विवाह संपन्न हुआ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**

शनिवार को राजश्री पैलेस, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, छिन्दवाड़ा रोड मे कतिया समाज का विशाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं बैवाहिक कार्यक्रम पिपारिया होशंगाबाद विधायक ठाकुर दास नागवंशी के मुख्य आतिथ्य,श्रवण कुमार आम्रवंशी प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश कतिया समाज पंजीकृत संस्था 10277 की अध्यक्षता, श्रीमति ममता नागवंशी विधायक पत्नी पिपारिया, महेश नाग प्रांतीय अध्यक्ष महाराष्ट्र, महेंद्र शिव मैरिज ग्रुप, प्रदीप आम्रवंशी अध्यक्ष नर्मदापुरम, आर वी सूर्यवंशी पूर्व अध्यक्ष नर्मदापुरम, के एल ब्रम्हवंशी महासचिव, रघुनाथ सिंह नाग जिलाध्यक्ष मंडला के विशिष्ट अतिथ्य मे कतिया समाज के आराध्य संत शिरोमणि भूरा भगत




महाराज की पूजन के साथ शुभारंभ हुआ ।ठाकुर दास नागवंशी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि में कतिया जाति का हूँ इसीलिए मे विधायक हूँ में अपनी जाति पर गर्व महसूस करता हूँ ।
सिवनी के कार्यक्रम मुझे सम्मान दिया गया यहाँ आकर समाज का विशाल जनसमूह देखकर मेरा आना सार्थक हो गया इतना बड़ा आयोजन करने के लिये समाज के मुठ्ठी भर लोग आगे आते है इन लोगो को पुरा समाज मिलकर धन तन मन से सहयोग करना ये जाति धर्म है।श्रवण कुमार आम्रवंशी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इतना विशाल सम्मेलन के करने के बाद जिला समाज को अपने भवन को सुव्यवस्थित बनाने का काम होना चाहिए इसके लिऐ मे अभी ही एक लाख एक हजार रुपया की राशि देने की घोषणा करता हूँ ।परिचय सम्मेलन मे एक सो पचास के लगभग युवक युवती ने अपने अपने विवाह के लिए परिचय दिया।
सफल कार्यक्रम के मुख्य कर्ताधर्ता के के डोंगरे जिलाध्यक्ष, दयाराम कोशले नगर अध्यक्ष , श्रीमति जानकी कोशले,पी डी नाग शिक्षक ,डालचंद बंजारे रविशंकर रसिक, शिव प्रसाद भारद्वाज,डी डी नाग रिटायर्ड प्राचार्य के महीने भर के परिश्रम से बैवाहिक कार्यक्रम मे विक्रम सिंह रसिक पिता रविशंकर रसिक परासिया बंडोल संग माला डोंगरे पिता राजेंद्र डोगरे ग्राम देवरी लालवर्रा का विवाह सम्पन्न हुआ।समाज के इस बिशाल आयोजन मे अधिकतम आर्थिक सहयोग देने बाले ,परीक्षाओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने बाले छात्र छात्राओं, प्रतिस्पर्धा परीक्षा मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर नोकरी मे जाने बाले,खेल प्रतियोगिता मे परचम लहराने बाले,समाजिक क्षेत्रों मे उत्कृष्ट करने बालो को मंच मे मुख्य अतिथि के हस्ते शाल पुष्प माला पहनाकर कर सम्मानित किया गया।

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ, वरना कार्रवाई तय

# कलेक्टर का सख्त अल्टीमेटम, 21 पंचायत सचिवों को नोटिस

घंसौर / जनजातीय अंचल में विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। शनिवार 18 अप्रैल को कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में लापरवाही पर सख्त तेवर देखने को मिले।
कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कर दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर नहीं पहुंचा तो जिम्मेदार अधिकारियों पर सीधी कार्रवाई होगी।
बैठक में योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में ढिलाई बरतने वाली 21 ग्राम पंचायतों के सचिवों पर शिकंजा कस दिया। कार्य प्रारंभ न करने वाले इन सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही मनरेगा में कम मानव दिवस सृजन करने वाली पंचायतों को भी चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कड़ी कार्रवाई तय है। कलेक्टर ने साफ कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में



किस्त वितरण कर आवास पूर्ण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है, विशेषकर जनमन और धरती आबा ग्रामों में। बैठक में सबसे बड़ा बदलाव 'सार्थक ऐप' के जरिए निगरानी को लेकर सामने आया। कलेक्टर ने घोषणा की कि अब मैदानी अमले की उपस्थिति और कार्यप्रणाली पर डिजिटल निगरानी रखी जाएगी। सीईओ, एई, सब-इंजीनियर सहित सभी फील्ड अधिकारियों की उपस्थिति इस ऐप के माध्यम से दर्ज होगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि फील्ड में अनुपस्थित पाए जाने पर सीधे जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम उन अधिकारियों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है जो अब तक कागजों में ही योजनाओं को आगे बढ़ाते रहे हैं। कलेक्टर नेहा मीना ने मनरेगा के अंतर्गत शत-प्रतिशत ई-केवाईसी एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में पारदर्शिता और गति लाने के लिए यह प्रक्रिया बेहद जरूरी है। इसके अलावा सभी अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड में जाकर कार्यों का निरीक्षण करने और वास्तविक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
घंसौर क्षेत्र में लंबे समय से योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच यह बैठक निर्णायक मानी जा रही है। कलेक्टर के सख्त रुख ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी। प्रशासन के इस एक्शन मोड से उम्मीद जताई जा रही है कि अब योजनाओं का लाभ वास्तव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा और विकास की रफ्तार तेज होगी।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन नगर पालिका पहुंचे, अधिकारियों, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

शनिवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन नगर पालिका सिवनी पहुंचे और नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन कार्यों के संबंध मे अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेकर चर्चा किया। तथा आवश्यक निर्देश दिया। दोपहर 12 बजे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन सिवनी नगर पालिका पहुंचे। जहां पर नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों के संबंध मे अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बैठक कर चर्चा करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र मे लगभग दो वर्षों पूर्व स्वीकृत गार्डन, स्वीमिंगपूल और आडिटोरियम के कार्यों मे हो रहे विलंब के लिए नाराजगी व्यक्त किया। श्री राय ने कहा कि अगर नगर पालिका की कार्य कराने की मंशा न हो तो स्पष्ट करें ताकि नगर के विकास के लिए स्वीकृत कार्यों को अन्य निर्माण एजेंसी से काराया जा सके। आगे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि गत वर्ष की भांति भीषण पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नगर मे निर्वाद्ध जलापूर्ति सुचारू रूप से हो सके इसके लिए सुआखेडा मे तकनीकी रूप से उचित स्थान पर एक नया इंटकवेल बनाया जाये। वर्तमान मे सुचारू पेयजलापूर्ति के लिए लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से इंटकवेल तक पानी लाने की व्यवस्था बनायी जाए। साथ ही नगरीय क्षेत्र मे स्थित कुंओं, वावली एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई कराई जावे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लखनादौन वृत्त आदेगांव जिला सिवनी (म.प्र.)**
क्रमांक414/प्र.ना.त./ 2025-26
लखनादौन, दिनांक 17/04/2026

**ईश्तहार**

छोटेलाल कहार पिता स्व. धनाराम जाति ढीमर, निवासी बीबी रा.नि.म. आदेगांव, तहसील लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)....आवेदक
विरुद्ध
सर्वसाधारण...........अनावेदक

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छोटेलाल कहार पिता स्व.धनाराम जाति ढीमर निवासी- बीबी तहसील लखनादौन जिला सिवनी के द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109/110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि मौजूदा ग्राम बीबी, प.ह.न. 66 राजस्व निरीक्षक मण्डल आदेगांव स्थित भूमि ख.न. 125/1, 225 रकबा 0.04, 0.21हे. भूमि का वसीयत के आधार आवेदक के पक्ष में नामांतरण किये जाने की मांग किया है।
उक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में प्रकरण क. 0382/अ-6/2025-26 इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रकरण में सर्वसाधारण अनुपस्थित एवं मृत होने की दशा में प्रकरण वसीयत के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। अतः सर्वसाधारण को दावा आपत्ति हेतु दिनांक 27/04/2026 नियत की गई है। नियत दिनांक पर अनुपस्थित की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी
जारी दिनांक- 17/04/2026

सील
नायब तहसीलदार
लखनादौन वृत्त आदेगांव
जिला सिवनी (म.प्र.)

### आदिवासियों की जमीन खरीद-फरोख्त मामले में दो दिन से जांच जारी
## बालाघाट में बेनामी संपत्ति पर आयकर विभाग की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट जिले में बेनामी संपत्ति और आदिवासियों की जमीन की अवैध खरीद-फरोख्त को लेकर आयकर विभाग की कार्रवाई 18 अप्रैल शनिवार को भी जारी रही। भोपाल और जबलपुर से आई टीमों ने वारासिवनी क्षेत्र के एक आदिवासी युवक और उससे जुड़े प्रॉपर्टी ब्रोकरों के ठिकानों पर दबिश देकर दस्तावेजों की जांच की।जानकारी के अनुसार, वारासिवनी निवासी गणेश नामक आदिवासी के नाम पर करोड़ों की जमीन खरीदी गई है। आरोप है कि जिले के रसूखदार प्रॉपर्टी ब्रोकरों ने भारी निवेश किया है और आदिवासी युवक को केवल एक मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया है।






आयकर विभाग को इन संपत्तियों के लेनदेन में भारी वित्तीय अनियमितताओं की सूचना मिली थी।जांच का मुख्य आधार स्टाम्प ड्यूटी और पैन कार्ड के विवरण हैं। नियमों के अनुसार, एक लाख रुपए से अधिक की स्टाम्प ड्यूटी पर आयकर रिटर्न की जानकारी देना अनिवार्य है।करोड़ों के इस सौदे में रिटर्न दाखिल न होने के कारण आयकर विभाग ने इसे संदिग्ध माना और शुक्रवार से ही जिले में मोर्चा संभाल लिया।शनिवार को आयकर विभाग के अधिकारियों ने गणेश और इस मामले से जुड़े कई प्रॉपर्टी ब्रोकरों से बंद कमरे में लंबी पूछताछ की। टीम ने जमीन के सौदों से संबंधित कई अहम दस्तावेज जब्त किए हैं।

### शमशान घाट की भूमि पर चली जेसीबी
## अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्रामीण हुए लामबंद

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत कामठी में श्मशान घाट की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे गांव का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने गांव के ही एक किसान पर अवैध अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। वहीं, किसान के पुत्र ने अपने परिवार का पक्ष रखते हुए सीमांकन की कार्रवाई में सहयोग करने का भरोसा दिया है। दरअसल, गांव के किसान राजाराम चौधरी की श्मशाम घाट के पास कृषि भूमि है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने अपनी कृषि भूमि के बगल की श्मशान घाट की भूमि पर जेसीबी चलाकर मेढ़ बनाकर कृषि भूमि तैयार कर अतिक्रमण किया गया है। करीब 3-4 दिन से श्मशानघाट के पास जेसीबी मशीन चली जब यह बात ग्रामीणों को पता चली तो वह सोमवार की सुबह सरपंच प्रतिनिधि रविन्द्र कारसर्पे के नेतृत्व में श्मशानघाट में एकत्रित हुए। जिस किसान पर अतिक्रमण करने का आरोप लगा उनकी तरफ से यहां उनका पुत्र भी पहुंचा। उनके द्वारा भी अपना पक्ष रखते हुए ग्रामीणों से सीमांकन की कार्रवाई करवाने के लिए कहा है। ग्रामीणों ने दोपहर 12 बजे तहसील कार्यालय पहुंचकर सीमांकन के लिए आवेदन किया और तहसीलदार ने मामले की गंभीरता से समझते हुए एक टीम का गठन कर सीमांकन के निर्देश दिए है।



ग्रामीणों के अनुसार गांव में खसरा नंबर 260 की भूमि श्मशान घाट मद की है। पूर्व सरपंच ने बताया कि वर्ष 2003 में श्मशान घाट का सीमांकन करवाया गया था तब जो जमीन श्मशानघाट की थी उसका सौंन्दर्यीकरण किया गया था जमीन को सुरक्षित करने के लए टंचिग नाली का निर्माण भी किया गया था। अब गांव के ही राजाराम चौधरी ने टचिंग नाली से आगे बढ़कर जेसीबी चलाकर कृषि भूमि तैयार कर ली है जो अवैध अतिक्रमण है। इस पूरे मामले में राजाराम चौधरी के पुत्र दिग्विजय चौधरी का कहना है कि वह सीमांकन के लिए तैयार है। गांव के मोक्षधाम की भूमि पर कब्जा होने से गांव में सामाजिक विवाद के बढ़ने की आशंका को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार ने टीम का गठन किया है यह टीम सीमांकन के बाद जो रिपोर्ट पेश करेगी। उसके आधार पर तय होगा कि किसान अपनी भूमि को सुधार कर रहा है या फिर श्मशान घाट की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था।

## दो बाईकों की आमने सामने की टक्कर में एक घायल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत थानेगॉव के पास स्थित नाले के समीप दो पहिया वाहनों की आमने सामने की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है, जिसे स्थानीय वाहन की मदद से शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती कराया, जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद चोट की गंभीरता को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय बालाघाट उचित उपचार के लिए भेज दिया गया है। घटना शनिवार की शाम की है। प्राप्त जानकारी अनुसार कोथुरना निवासी सेवाराम इडपॉचें अपने 10 वर्षीय पुत्र आरजू इडपाचे के साथ अपनी बाईक से ग्राम पाथरी अपने रिश्तेदार के यहॉ गेहॅू व चना छोडऩे जा रहा था। तभी वारासिवनी से थानेगॉव की ओर से जा रहे बाइक सवार ने उसे ओवरटेक करने के चक्कर में कोथुरना निवासी सेवाराम इडपॉचे की बाईक को टक्कर मार दी और बाईक छोडक़र वहॉ से फरार हो गए। जिन बाईकों की आपस में आमने सामने की भिड़ंत हुई, उनके नंबर एमपी 50 के जेड 2892 व एम पी 38 जेड बी 7488 है। पुलिस ने दोनों ही वाहनों को थाने लाकर विवेचना प्रांरभ कर दी है।

## पीएम श्री शा.कन्या उच्च.मा.विद्या. बूढ़ी बालाघाट में प्रतिभाशाली सम्मान समारोह का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

17 अप्रेल को संस्था के प्राचार्य एस.के. तुरकर की उपस्थिति में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से कुमारी डिंपल एवं श्रुति की प्रस्तुति द्वारा की गई , तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा कक्षा शिक्षिकाओं के साथ प्रतिभावान छात्रों का पुष्प गुच्छ के साथ अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य द्वारा छात्रों से शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना स्कूटी एवं लैपटॉप योजना का उद्देश्य एवं महत्व समझाया गया। तत्पश्चात कक्षा बारहवीं में शाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभिषेक बोहने s/o श्री महेश बोहने 432/500 विज्ञान समूह प्रथम कु शिरीन खान 420/500द्वितीय कला समूह कु शिवानी गौतम D/0रामकिशोर गौतम 416/500 तृतीय को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंट किया गया।इसी क्रम में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रथम स्थान कुमारी पलक उइके पिता श्री मिलाप सिंह के 463/ 500 =92.6%द्वितीय स्थान अरुण पालेवार पिता श्री सुनील पालेवार 457/500 =91.4%तथा तृतीय स्थान कु कोशिश मडावी पिता श्री राजूमडावी 445/500=89%ने प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित करने के साथ अपना स्वयं का मान बढ़ाया है।कार्यक्रम का सफल संचालन गायत्री पटले उमाशि द्वारा किया गया छात्रों से इस उपलब्धि की गरिमा को बनाए रखने की अपील की।सम्मान समारोह में वरिष्ठ शिक्षकों में श्री अशोक गुप्ता , मनीषा श्रीवास्तव, सुनीता बिसेन, ललिता मर्सकोले, डी बिसेन, पूर्णा वर्मा, अनीता गौतम एवम् अन्य सभी शिक्षकों ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की ।इस समारोह में ट्रॉफी पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे उन्होंने अपने विषय शिक्षकों को धन्यवाद अर्पित किया।



## नागरिकों से अपने एंड्रॉयड मोबाइल या इंटरनेट वेबपोर्टल पर सेल्फ इन्म्यूरेशन (स्व-गणना) करने की अपील

**बालाघाट।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना (Self Enumeration) प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 30 अप्रैल तक चलेगी। इस अवधि में अधिक से अधिक लोगों से स्व-गणना करने की अपील की गई है। आम जन से इस अवधि के दौरान अपने एंड्रॉयड मोबाइल या स्मार्टफोन से या वेबसाईट पर स्वयं जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं और अपने परिवार के सदस्यों का विवरण दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना के लिए भारत सरकार द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध कराया गया है, जिसका लिंक हैः https://se.census.gov.in है। इस ऐतिहासिक चरण में 16 से 30 अप्रैल के बीच नागरिक 'स्व-गणना' प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना के तहत नागरिकों को ऑनलाइन फार्म भरकर एक विशिष्ट आईडी जनरेट करना होता है, जिसे बाद में आने वाले जनगणना कर्मचारी को दिखाना होगा। जिससे डेटा सत्यापन आसान हो जाएगा। यह पोर्टल 16 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध है, ताकि लोग अपनी मातृभाषा में जानकारी साझा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से दो श्रेणियों में डेटा एकत्र किया जाएगा। मकान सूचीकरण के तहत घर के स्वामित्व, निर्माण सामग्री और उपलब्ध सुविधाओं का विवरण होगा तथा जनसंख्या विवरण के तहत परिवार के सदस्यों के नाम, उनकी आयु, शिक्षा और व्यवसाय की जानकारी शामिल होगी।

## नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा के तहत बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशन में जिले में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाह की घटनाओं को रोकने हेतु जिलेभर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में शासकीय मॉडल बालिका छात्रावास बैहर, आदिवासी सीनियर बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास एवं शासकीय आदिवासी महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर बैहर, जिला बालाघाट से श्रीमती प्रीति हरिनखेड़े विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक एवं कानूनी अपराध है, जो बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि बाल विवाह कराने, उसमें सहयोग करने या उसे बढ़ावा देने पर सख्त कानूनी कार्रवाई एवं दंड का प्रावधान है।

इस अवसर पर विकासखंड एवं जिला स्तर पर गठित बाल विवाह रोकथाम टीमों की जानकारी भी साझा की गई, जो इस कुप्रथा को रोकने हेतु सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। छात्राओं को यह भी बताया गया कि किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर दी जा सकती है, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

## शासकीय हाईस्कूल गोदरी का परिणाम शत प्रतिशत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 15 अप्रेल को बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी किए गए जिसमें संस्था शासकीय हाईस्कूल गोदरी के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा परिणाम में किरनापुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल गोदरी का कक्षा 10वीं में प्रविष्ठ 27 में से प्रथम श्रेणी में 10 छात्र छात्राएं एवं 9 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में छात्र विकास मानेश्वर ने 81.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य यशवंत राउत द्वारा शीर्ष पर रहे छात्र-छात्रों को संस्था में आमंत्रित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। एवं सभी छात्रों एवं स्टाफ को उर्त्कष्ट परिणाम के लिए बधाई प्रेषित की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### प्रदेश की प्रावीण्य सूची में सबसे अधिक बालाघाट जिले के 45 छात्र-छात्राओं ने बनाया है स्थान
## प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले होनहार विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

**माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2026 का परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किया गया है। बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में बालाघाट जिले के 45 छात्र-छात्राओं ने अपना स्थान बनाकर बालाघाट जिले को गौरवान्वित किया है। प्रदेश के सभी 55 जिलों में बालाघाट एकमात्र ऐसा जिला है जिसके सबसे अधिक 45 छात्र-छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है।**

प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले इन होनहार विद्यार्थियों का 18 अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सभी 45 छात्र-छात्राओं को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान किया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस सफलता को हासिल करने में छात्र-छात्राओं की मेहनत के साथ उनके शिक्षकों का परिश्रम और माता-पिता का प्रोत्साहन शामिल है। कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार परीक्षा परिणाम के लिए उन्होंने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि वे इस सफलता को आगे की कक्षाओं में भी बरकरार रखेंगे। उनकी इस सफलता से अन्य बच्चों को भी अच्छी पढ़ाई कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रतियोगिता के इस दौर में वे अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल करने के बाद उसे निरंतर बनाए रखना चुनौती पूर्ण कार्य होता है। अथक परिश्रम से ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों पर अपेक्षाओं का बोझ ना डालें, बल्कि उन्हें निरंतर अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने इस अवसर पर बताया कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा नियमित रूप से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए समीक्षा की जाती रही है और परीक्षा परिणाम बेहतर लाने के निर्देश दिए जाते थे। जिले की शालाओं में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनके द्वारा तत्परता से प्रयास किए गए हैं। शाला में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की गई। उनके निरंतर मार्गदर्शन में बालाघाट जिले के शिक्षकों ने निरंतर अच्छा काम किया है, जिसके कारण बालाघाट जिले का बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम बहुत अच्छा आया है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे इन परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण हो गये हैं उन्हें एकेडमिक मार्गदर्शन देने के लिए टाइम-टेबल बनाया गया है और उनकी 05 मई तक कक्षाएं लगाई जाएंगी।

### जिले की बालिकाओं ने लहराया परचम,34 बालिकाए प्रावीण्य सूची में शामिल

कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी ने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में बालाघाट जिले के कुल 45 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है। कक्षा 10 वीं के 37 एवं कक्षा 12 वीं के 08 विद्यार्थी हैं। इसमें 34 बालिकाएं और 11 बालक हैं। बालाघाट जिला मध्यप्रदेश राज्य का सर्वाधिक स्त्री-पुरुष लिंगानुपात वाला जिला है यहां पर 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 1021 है। बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में बालिकाओं की संख्या में भी यह परिलक्षित हो रहा है। बालाघाट जिले का कक्षा 10 वीं का परिणाम 87.19 प्रतिशत और कक्षा 12 वीं का परिणाम 86.67 प्रतिशत रहा है।



हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतेरा की कु. अक्षरा घोडेश्वर ने 500 में से 498 अंक लेकर दूसरा स्थान, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाडाघाट के शिवम बोपचे ने 497 अंक लेकर तीसरा स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम की कु. भूमि बिसेन ने 496 अंक लेकर चौथा स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्हारपुर के दिव्यांश चावके एवं सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की नैना लिल्हारे ने 495 अंक लेकर पांचवा स्थान, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर के निश्चय राणा एवं कु. डेजी बिसेन तथा शासकीय हाईस्कूल टेकाडी की कु. निधी पुंड, शासकीय हाई स्कूल सारद सिवनी की कुमारी पल्लवी बांते व सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के रेयांश चौरागढे ने 494 अंक लेकर छटवॉ स्थान प्राप्त किया है।

इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी की जागृति लिल्हारे, हायर सेकेण्डरी विद्यालय जाम के विनायक ठाकरे, नवीन हाईस्कूल रिसेवाडा के रौनक बागडे, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेण्डेझरी के पियुष टेम्भरे, सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के अनंत पंचेश्वर, कु. अंशिका गंगभोज ने 493 अंक लेकर 07वॉ स्थान, एमसीएस स्कूल बालाघाट की कु. दिशा गौतम, सार्थक पब्लिक स्कूल किरनापुर की कु. विशाखा बापुरे, बालाघाट पब्लिक स्कूल नर्मदा नगर के ललित पारधी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाडाघाट की तनवी नगपुरे ने 492 अंक लेकर आठवॉ स्थान, एमसीएस स्कूल बालाघाट की कु. शिवांगी पाण्डे, सरस्वती शिशु मंदिर किरनापुर की कु. रागिनी पटले, हायर सेकेण्डरी स्कूल आलेझरी की कु. मनु काटनकर, हाईस्कूल कोसुम्बा के डेविड उचबगले, हाईस्कूल टेकाडी की कु. वाणी सोनी, नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगझरी की कु. पीहू परीमल, उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट की कु. हीना ठाकरे, वीरांगना रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट की कु. यामिनी शरणागत, कु. हिमांशी कुथे ने 491 अंक लेकर 09वॉ स्थान, केशव इंग्लिश हाईस्कूल वारासिवनी की कु. प्रीत राणा, आईडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी की कु. माही सुलाखे, सांदीपनि स्कूल रजेगांव की कु. स्मृति कावरे, बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा की कु. अंशु राहंगडाले, कु. माही राहंगडाले, सांदीपनि स्कूल बालाघाट की कु. निशा तिलासे, कु. श्वेता बाटे, कु. देवांशी देशमुख ने 490 अंक लेकर 10वॉ स्थान प्राप्त किया है।




12वीं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कला समूह से शिवम अवधिया हायर सेकेण्डरी स्कूल बल्हारपुर ने 500 में से 482 तथा गणित समूह की कु. भावना पटले कन्या उच्चतर हायर सेकेण्डरी कटंगी ने 500 में से 485 अंक हासिल कर 08वॉ स्थान, वाणिज्य समूह के आर्य गिरी गोस्वामी नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटे ने 481 अंक प्राप्त कर 10वॉ, कृषि समूह से स्वाति उइके एवं मृणाली ठवरे हायर सेकेण्डरी झालीवाडा ने 484 अंक प्राप्त कर 05वॉ स्थान, जीव विज्ञान समूह से कु. स्तुति जैन वैदिक कान्वेंट इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा ने 489 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान एवं इसी स्कूल की कु. अश्विनी पारासर ने 483 अंक प्राप्त कर 09वॉ स्थान, अदिती तिवारी उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर 10वॉ स्थान प्राप्त किया है।